PUBLICATION NAME :	Such Express
EDITION :	Bhopal
DATE :	28/02/2025
PAGE :	06

ईडीआईआई द्वारा उद्यमिता पर 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन आयोजित

भोपाल। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान का 16वां द्विवार्षिक सम्मेलन संस्थान के परिसर में शुरू हुआ। उद्यमिता पर आधारित तीन दिवसीय सम्मेलन 28 फरवरी को समापन होगा। यह सम्मेलन शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अभ्यासकर्ता के लिए एक मंच है ताकि वे उद्यमिता विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अपने शोध अध्ययन और निष्कर्ष साझा कर सकें। ईडीआईआई अमहदाबाद 1994 से उद्यमिता पर द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन के दौरान 9 से अधिक देशों के विद्वानों द्वारा उद्यमिता सिद्धांत और व्यवहार;उद्यमिता शिक्षा; उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र, मनोविज्ञान और उद्यमिता, एमएसएमई उद्यमिता, प्रौद्योगिकी और डिजिटल उद्यमिता, स्टार्टअप और नवाचार, हरित और स्थायी उद्यमिता, सामाजिक उद्यमिता, संस्कृति, परंपरा और मूल्य आधारित उद्यमिता, महिला उद्यमिता, ग्रामीण उद्यमिता एवं नवजात उद्यमिता और नए उद्यम निर्माण और पारिवारिक व्यवसाय के विषयों पर 148 शोध पत्र और अध्ययन प्रस्तुत किए गए। डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई ने कहा कि द्विवार्षिक सम्मेलन लगातार दुनिया भर के शोधकर्ताओं और शिक्षकों को एक मंच प्रदान करता है, ताकि वे अपने विचारों और नवाचारों को साझा कर सकें जो उद्यमिता की जटिलताओं को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं।